Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to recognise Baba Raghav Das Post Graduate College, as Agriculture University-laid.

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया) : बाबा राघव दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय जो देवरिया जनपद मुख्यालय पर स्थित है जिसमें 1964 से कृषि क्षेत्र में शोध शिक्षण प्रचार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, महाविद्यालय अपने संसाधनों से 12 कृषि शिक्षण संस्थान संचालित कर रहा है । यह महाविद्यालय प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा राघव दास के गौरव को अपने आप में समेटे हुए है । सरकार इस क्षेत्र में कृषि विकास हेतु संकल्पित है । कृषकों की आय दुगुनी करने हेतु आवश्यक है कि कृषि शिक्षा व तकनीक कैसे विकसित हो । इस दिशा में यह महाविद्यालय कार्य कर रहा है । जबकि इस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं मिल पाया है । विश्वविद्यालय की स्थापना होने से इस क्षेत्र में किसानों का उत्थान व विकास होगा ।

अतः मैं चाहूंगा कि उपरोक्त तथ्यों के सापेक्ष में बाबा राघव दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय को कृषि विश्वविद्यालय की मान्यता प्रदान की जाए जिससे पूर्वाचल से सटे बिहार तक के कृषकों की दशा में परिवर्तन लाया जा सके ।